दिनांकः 06.10.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- जयपुर के एसएमएस अस्पताल ट्रोमा सेंटर के आईसीयू में आग लगने से 6 मरीज़ों की मौत–घटना की जांच के लिए कमेटी गठित।
- स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों के स्वास्थ्य सचिवों को खांसी की दवा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।
- नागरिक विमानन मंत्रालय ने डीजीसीए को त्योहारों के दौरान हवाई किरायों पर नज़र रखने को कहा।
- प्रदेश में कई स्थानों पर मध्यम से तेज बारिश–हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर में ओले गिरे।

................

जयपुर के सवाईमानसिंह अस्पताल के ट्रोमा सेंटर के आईसीयू में आग लगने से 6 मरीजों की मौत हो गई। घटना देर रात दूसरी मंजिल पर हुई, जिसका शुरूआती कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। नर्सिंगकर्मियों और वॉर्ड ब्वॉय सहित अस्पताल कार्मिकों ने तुरंत ट्रोलियों में 24 मरीजों को बाहर निकाला। ट्रोमा सेंटर प्रभारी डॉ. अनुराग धाकड़ ने बताया कि आग एकाएक आईसीयू के काफी हिस्से में फैल गई और जलने तथा दम घुटने से 6 मरीजों की मौत हो गई। डॉ. धाकड़ ने कहा कि मृतकों में से ज्यादातर मरीज कोमा में थे और जहरीले धुएं के सम्पर्क में आने से उनका बचना लगभग नामुमकिन हो गया था। 6 दमकलों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम एसएमएस पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से घटना का ब्यौरा लिया और घायलों का हाल जाना। मृतकों की पहचान कर ली गई है। मुख्यमंत्री ने घटना को अत्यंत दुखद बताते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि घायलों के इलाज और देखभाल के लिए हर संभव कदम उठाये जा रहे हैं। वहीं श्री बेढम ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सरकार पूरी संवेदनशीलता से प्रभावितों के साथ है। चिकित्सकों को घायलों का समुचित उपचार करने के निर्देश दिये गये हैं और घटना के कारणों की विस्तृत जांच करवाई जाएगी। चिकित्सा आयुक्त की अध्यक्षता में कमेटी का गठन कर दिया गया है।

...............

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और कई अन्य नेताओं ने इस दर्दनाक हादसे पर गहरा शोक जताया है।

..................

स्वास्थ्य मंत्रालय के सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने कल राज्यों के स्वास्थ्य सचिवों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। इसमें राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों को खांसी की दवा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव ने अन्य राज्यों को राजस्थान की तरह आमजन को जागरुक करने को कहा है। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश और राजस्थान में खांसी के सिरप की गुणवत्ता पर सवालिया निशान उठे थे। चिकित्सा विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि इस दवा के सभी बैचों के उपयोग और वितरण पर रोक लगा दी गई है। साथ ही दवाईयों के इस्तेमाल को लेकर एडवाइजरी भी जारी की गई है। उन्होंने बताया कि इस सिरप के सेवन के बाद बच्चों में सामने आ रहे लक्षणों पर विस्तृत जांच के लिए समिति गठित की गई है।

................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भरतपुर स्थित आईटीआई को हब के रूप में उन्नत बनाने की सौगात के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के इस निर्णय से युवाओं को कौशल विकास के अवसर मिलेंगे। पीएम सेतु योजना के पहले चरण में भरतपुर आईटीआई

को हब के रूप में विकसित करने के साथ ही धौलपुर, करौली, कामां और बयाना को स्पॉक संस्थानों के रूप में उन्नत किया जाएगा।

.................

गृहमंत्री अमित शाह ने किसानों से स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने का आग्रह किया है। वे कल महाराष्ट्र में आयोजित सार्वजनिक समारोह में बोल रहे थे।

...............

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री और पूर्व राज्यसभा सांसद अश्क अली टांक का कल निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उन्हें आज जयपुर में विद्याधर नगर कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित कई नेताओं ने श्री टांक के निधन पर शोक जतााया है।

................

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय–डीजीसीए ने त्योहारों के मौसम से पहले हवाई किरायों के रुझानों की समीक्षा की है। नागरिक विमानन मंत्रालय ने डीजीसीए को त्योहारों के दौरान हवाई किरायों पर नज़र रखने और कीमतों में बढोतरी की स्थिति में उचित कदम उठाने को कहा है। डीजीसीए ने एयरलाइन कंपनियों को बढ़े हुए यात्री भार को पूरा करने के लिए अतिरिक्त उड़ानों का प्रबंध करने के निर्देश दिये हैं।

..................

राजीविका की ओर से जयपुर में लगाये गये सुमंगल दीपावली मेले के उत्पाद ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं। इंदिरा गांधी पंचायतीराज संस्थान परिसर में लगे इस मेले में हैंडीक्राफ्ट, हैंडलूम और खाने–पीने की चीजें बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। इसमें कोटा डोरिया, लाख की चूड़ियां, अचार, नमकीन और राजस्थानी जूतियाँ प्रमुख हैं।

.....................

आज शरद पूर्णिमा है। इस अवसर पर घरों और मंदिरों में विभिन्न धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। आज ही के दिन विशेष खीर भी बनाई जाती है, जिसे रातभर चंद्रमा की किरणों में रखने के बाद कई आयुर्वेदिक औषधियों में प्रयोग किया जाता है। विभिन्न स्थानों पर इसका प्रसादी के रूप में भी वितरण होता है।

................

प्रदेश में नए पश्चिम विक्षोभ के सक्रिय होने से कल भी कई स्थानों पर मध्यम से तेज बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार कोटा, डूंगरपुर, भीलवाड़ा, श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ सहित अन्य शहरों में बारिश दर्ज हुई। सवाईमाधोपुर, भीलवाडा, बारां, कोटपूतली–बहरोड़ और आस–पास के इलाकों में रुक–रुक कर देर रात तक बरसात हुई। वहीं बाडमेर जिले के धोरीमन्ना में लगातार दूसरे दिन तेज बरसात हुई। हनुमानगढ़ में कई स्थानों पर बारिश हुई और कुछ जगह ओले भी गिरे। श्रीगंगानगर में दोपहर बाद ओले गिरे। हमारे संवाददाता ने बताया कि इससे फसलों के नुकसान पहुंचने का अंदेशा है।

.................

आज राजधानी जयपुर, जोधपुर और पाली में भी सुबह बारिश हुई। जोधपुर में झमाझम बारिश से सड़कों पर पानी भर गया और यातायात प्रभावित हुआ। पाली के जवाई बांध क्षेत्र में हुई अच्छी बारिश से पानी की निकासी फिर से बढ़ा दी गई है। बांध के दो गेट खोलकर पानी निकाला जा रहा है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार आज राज्य के अधिकतर भागों में गरज के साथ बारिश का पूर्वानुमान है। बारिश की गतिविधियां कल भी जारी रहने की संभावना है।

..............

उत्तर–पश्चिम रेलवे की ओर से मनाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़े में कई गतिविधियां हो रही हैं। 1 से 15 अक्टूबर तक मनाये जा रहे इस पखवाड़े में कल स्वच्छ रेलगाड़ी दिवस मनाया गया। हमारे जोधपुर संवाददाता ने बताया कि इस दौरान मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर ट्रेनों की गहन सफाई की गई।

................